हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
14 जुलाई 2024, समय 1810

- नीति आयोग ने कार्बन उत्सर्जन रहित ट्रक वाहनों के संचालन के लिए नवीन व्यवसाय मॉडल को बढ़ावा देने के लिए "नीति गियर शिफ्ट चैलेंज" हैकथॉन शुरु करने की घोषणा की।
- केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय ने पैकेट एवं डिब्बाबंद वस्तुओं पर सभी जानकारी अंकित करना अनिवार्य बनाने के लिए विधिक माप विज्ञान पैकेट एवं डिब्बाबंद वस्तु नियम,2011 में संशोधन करने का प्रस्ताव किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने राई विधानसभा क्षेत्र के गांव भैरा बांकीपुर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया और 112 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने अंबाला में राहगिरी कार्यक्रम में लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।
- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच होगा।

नीति आयोग ने ई-फास्ट इंडिया पहल के अंतर्गत 'नीति गियर शिफ्ट चैलेंज' शुरू करने की घोषणा की है। इस हैकथॉन का उद्देश्य देश की आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करते हुए भारत में कार्बन उत्सर्जन रहित ट्रक वाहनों के संचालन के लिए नवीन व्यवसाय मॉडल को बढ़ावा देना है।नीति आयोग ने इलेक्ट्रिक ट्रकों के संचालन में वित्तीय, तकनीकी और परिचालन चुनौतियों का समाधान करने वाले नवीन व्यवसाय मॉडल विकसित करने के लिए छात्रों, परिवहन सेवा पेशेवरों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को भी आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में ई-फ़ास्ट इंडिया के जाने-माने लोग, वित्तीय संस्थानों और उद्योग मंच के प्रतिनिधि शामिल होंगे। भारतीय प्रबंधन संस्थान-IIM बैंगलोर, स्मार्ट फ्रेट सेंटर इंडिया, वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट इंडिया और अन्य संस्थानों के सहयोग से इस हैकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। नीति आयोग ने कहा कि हैकथॉन दो चरणों में होगी।

.............................................................................

केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय ने पैकेट एवं डिब्बाबंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए विधिक माप विज्ञान डिब्बाबंद वस्तु नियम, 2011 में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर खुदरा बिक्री के लिए पहले से पैकेट एवं

डिब्बाबंद वस्तुओं की सभी जानकारी घोषित करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि संशोधन से पैकेट एवं डिब्बाबंद वस्तुओं के लिए समान मानक और जरूरतें स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे विभिन्न ब्रांडों और उत्पादों में स्थिरता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि इससे उपभोक्ताओं को संपूर्ण जानकारी के आधार पर उचित विकल्प चुनने में भी मदद मिलेगी। हालाँकि, नए नियम औद्योगिक उपभोक्ताओं या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकट या डिब्बा बंद वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे। विभाग ने इस महीने की 29 तारीख तक हितधारकों से इस संबन्धी विचार आमंत्रित किए हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सोनीपत जिले के राई हलके के गांव भैरा बांकीपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने 112 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजना का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया।जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। यह प्रतिमा नई पीढ़ियों को वीरता, साहस और देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 509 स्कूलों के नाम शहीदों के नाम पर रखे गए हैं। इसी तरह से करनाल के अंजनथली में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सरकारें सिर्फ घोषणाएं करती थी, लेकिन वे हकीकत में धरातल पर नहीं उतर पाती थी। आज उनकी सरकार ने व्यवस्था को सुधार कर लोगों को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने डेढ़ लाख लोगों को बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरी दी है। इस अवसर पर राई से विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, खेल मंत्री संजय सिंह, पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत, पूर्व मंत्री कविता जैन और करनी सेना के अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम से पहले राजकीय प्राथमिक स्कूल के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वातावरण को स्वच्छ रखने व तापमान के संतुलन को बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने का आह्वान किया है । वे हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आज अम्बाला शहर के नजदीक हर्बल पार्क में राहगीरी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का संदेश भी दिया और उन्होंने स्वयं एक पौधा भी लगाया। इससे पहले उन्होंने स्वयं साइकिल चलाकर लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा पांच हजार से अधिक फलदार व छायादार पौधे भी वितरित किए गए। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में प्रदेश में 18 करोड़ पौधे लगाए हैं और इस वर्ष अभी तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं। कृषि वानिकी के माध्यम से भी किसानों के खेतों में पौधे लगाए गए हैं। राहगीरी कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की शारीरिक गतिविधियों से संबंधित 23 खेल व गतिविधियां कारवाई गई। मुख्यमंत्री ने वालीबाल मैच खेल कर युवा खिलाडि़यों में जोश भी भरा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खेल जगत में बेहतर उपलब्धि हासिल करने वाले अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक खिलाड़ी योगेश्वर सिंह व अन्तर्राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी सुरेन्द्र सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया।परिवहन, महिला बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल व जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड साइकिल व व्हीलचेयर भी वितरित की गई।

---

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम ने साफ संकेत दे दिया है कि वोट काटने वाली पार्टियों का कोई स्थान नहीं है। आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र सिंह हूडा ने देश भर में हुए विधानसभा उपचुनाव के परिणाम पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में भी यही चुनाव परिणाम देखने को मिलेगा। एक सवाल के जवाब में श्री हूडा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तीन सूत्री कार्यक्रम को लेकर प्रदेश की जनता के बीच जाएगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन था। विधानसभा चुनाव के संदर्भ में अभी कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी विधानसभा सीटों पर सर्वे कराएगी और चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार को

ही टिकट दी जाएगी। श्री हूडा ने इस बात से इंकार किया कि कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार का भ्रम फैलाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जनहित की किसी भी योजना को लागू नहीं किया। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में जाने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भी दी । पेरिस ओलंपिक जाने वाले भारतीय दल में सबसे ज्यादा 24 खिलाड़ी हरियाणा से हैं। भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल हैं। हालांकि पिछली बार टोक्यो ओलंपिक में भारतीय दल में हरियाणा के 31 खिलाड़ी थे।

---

बिक्री कर बारे उप कराधान एवं आबकारी आयुक्त डॉ शफीक मोहम्मद ने बताया कराधान विभाग द्वारा हरियाणा मूल्य वर्धित कर और अन्य अधिनियम के अंतर्गत लंबित मामलों के समाधान के लिए 31 जुलाई तक एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें गत 30 जून 2017 तक आकलन संबंधी लंबित मामलों के समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि व्यापारी किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11.00 बजे से बाद दोपहर 1 बजे तक सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिल सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन व्यापारियों का वस्तु एंव सेवा कर लागू होने से पहले कोई सुधार या अन्य प्रकार का कोई मामला लंबित है, वे विभाग में आकर समाधान करवा सकते है।

---

भिवानी के भीम स्टेडियम में रिहायशी मुक्केबाजी खेल अकादमी में 12 वर्ष से 19 आयु वर्ग के खिलाडिय़ों के ट्रायल परसों 16 जुलाई को प्रात: 8 बजे होंगे। भिवानी के जिला खेल अधिकारी धुरेन्द्र सिंह ने बताया कि खेल विभाग के निर्देशानुसार 16 जुलाई को प्रतीक्षा सूची सात व दस में से खिलाडिय़ों का चयन किया जाएगा। उन्होंने ट्रायल में आने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जरूरी दस्तावेज लेकर आने को कहा है।

---